एक नजर में

लायंस क्लब सुरभि ने किया दवे का सम्मान

उज्जैन। राष्ट्रीय हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर लायंस क्लब उज्जैन सुरभि द्वारा उज्जैन शहर के हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार, नाट्य लेखक एवं नाट्य निर्देशक सतीश दवे को सम्मान पत्र, शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ-साथ कला के विभिन्न क्षेत्रों में अध्ययन भी करना चाहिए। आपने कहा कि व्यक्ति के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ कला के विभिन्न क्षेत्रों का ज्ञान होना भी अति आवश्यक है। इसलिये सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय भी कला शिक्षा का प्रयास कर रहा है। विशेष अतिथि के रूप में झोन चेयर पर्सन लायन संजय शाह ने विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के नये प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। लायन डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने डॉ. अर्पण भारद्वाज कुलगुरु का परिचय दिया गया। लायन डॉ. संतोष गुप्ता ने सतीश दवे साहित्यकार, नाट्य लेखक एवं नाट्य निर्देशक का परिचय दिया गया। स्वागत भाषण एवं सम्मान पत्र का वाचन क्लब अध्यक्ष लायन डॉ. हेमलता ओझा द्वारा स्वागत भाषण एवं सम्मान पत्र का वाचन करते हुए बालमंच और परिष्कृति संस्था की अनेक गतिविधियों के बारे में बताया। अपने उद्बोधन में सतीश दवे ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य में नवीन ज्ञान को अर्जित करने की तथा विभिन्न कलाओं को सीखने की जिज्ञासा होना चाहिए और उसे जीवन पर्यंत सीखते रहना चाहिए ताकि वह अपने स्वयं के प्रेरक व्यक्तित्व और संस्कारों से आने वाली पीढ़ी को अवगत करा सके और एक श्रेष्ठ नागरिक तथा उत्तम समाज का निर्माण कर सके। इस अवसर पर कार्यक्रम में अमिताभ विश्वास, लायन अनीता शाह, लायन संध्या एरन, लायन आलोक एरन, अविनाश गुप्ता, मित्तल, महेंद्र कुमार मंडलोई, एम के ओझा व बालमंच एवं सुरभि परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। संचालन लायन डॉ. उमा बाजपेई द्वारा किया गया तथा आभार क्लब सचिव लायन डॉ. सुधा गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

नवरंग डांडिया में राइफल गरबा होगा

उज्जैन। मध्य प्रदेश के शतावधानी व्यक्तित्व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के विशिष्ट मार्गदर्शन में कालिदास अकादमी के मुक्ता काशी मंच पर 16वाँ नवरंग डांडिया गरबा महोत्सव का विशिष्ट आयोजन 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक किया जाएगा। नवरंग सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष मुकेश यादव एवं संयोजकद्वय अभय नारायण यादव, वैभव डॉ. मोहन यादव ने बताया कि नवरंग सांस्कृतिक समिति द्वारा गरबा मंच पर नवीन प्रस्तुतियां नृत्य गुरु पलक पटवर्धन के नेतृत्व में अभिनव प्रस्तुति हेतु अभ्यास कर रही है। इस वर्ष शौर्य का सिंदूर, राइफल गरबा, तलवार की धार का नृत्य, महाकाली गरबा, छतरी, चश्मा, राजस्थानी, आदिवासी मालवी एवं दक्षिण भारतीय शैली के गरबे से मां दुर्गा की आराधना सांस्कृतिक रूप में की जाएगी। नगर पालिका निगम की सभापति कलावती यादव ने नवरंग गरबा महोत्सव की गरबा प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। नारी शक्ति के महा उत्सव में नारी के पराक्रम सूर्य, अंतरिक्ष में छलांग एवं बेटियों के बचाने के साथ-साथ स्वच्छता अभियान के संदेश गरबो के माध्यम से प्रदान करने हेतु निर्देश भी प्रदान किए। नवरंग डांडिया का अनूठा संचालन स्वामी मुस्कुरा के शैलेंद्र व्यास करेंगे। नवरंग गरबा में आमंत्रित समस्त उत्सव धर्मी प्रति दिवस फ्री स्टाइल गरबो का आनंद भी परिवार एवं मित्रों के साथ अनुशासित रूप में प्राप्त कर सकेंगे। संस्था के सचिव गोविंद सोलंकी एवं कोषाध्यक्ष योगेश ठाकुर ने बताया कि प्रति दिवस श्रेष्ठ गरबा क्वीन, बेस्ट कपल, आकर्षक सांस्कृतिक वेशभूषा, गरबा युवराज, नन्हे नन्हे बालक बालिका जो सांस्कृतिक वेशभूषा के साथ आएंगे उन्हें भी अभिभावकों के साथ मंच पर सम्मानित किया जाएगा। समारोह को विशिष्टता प्रदान करने में संस्था के कोषाध्यक्ष योगेश ठाकुर, डॉ गोविंद सोलंकी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश यादव, आजाद ठाकुर, शैलेंद्र शर्मा, संजय दिवटे, राधेश्याम राठौर, मुन्ना भैया आदि विभिन्न समितियां में प्रभारी बनाए गए हैं। शहर के नृत्य क्षेत्र की प्रतिभाओ को भी प्रस्तुतियों के लिए मंच प्रदान किया जायेगा।

जैन सोशल की दो दिवसीय तीर्थयात्रा सम्पन्न

उज्जैन। जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा आयोजित दो दिवसीय तीर्थयात्रा धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुई। इस यात्रा में लगभग 50 सदस्यों ने भाग लेकर पुण्यलाभ अर्जित किया। यात्रा का शुभारंभ गुजरात स्थित तारंगाजी तीर्थ से हुआ, जिसके पश्चात् सभी श्रद्धालुओं ने अंबाजी शक्तिपीठ के दर्शन किए। अंतिम पड़ाव के रूप में माउंट आबू स्थित विश्वप्रसिद्ध दिलवाड़ा जैन मंदिर में भव्य दर्शन और भक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें सभी सदस्यों ने भावपूर्ण सहभागिता की। संस्था अध्यक्ष नगिन नलवाया ने बताया कि ग्रुप प्रत्येक वर्ष न्यूनतम व्यय पर दो बार तीर्थयात्राओं का आयोजन करता है। जिससे अधिक से अधिक सदस्य इसका लाभ उठा सकें। संस्थापक अध्यक्ष जयंतीलाल फाफरिया ने कहा कि ग्रुप प्रतिमाह सेवा कार्य के लिए संकल्पित है तथा समय-समय पर विविध धार्मिक आयोजन भी करता है। यात्रा संबंधी विस्तृत जानकारी संस्था सचिव आशीष नांदेचा ने दी।

खण्डेलवाल युवा परिवार की बैठक संपन्न

उज्जैन। खण्डेलवाल युवा परिवार की वार्षिक बैठक संस्थापक सदस्यों एवं पूर्व कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में हुई जिसमें सर्व सम्मति से शुभम सामरिया के नेतृत्व को एक और बार समर्थन मिला। बैठक में सर्वानुमति से शुभम सामरिया अध्यक्ष, मयंक मामोडिया सचिव, सुमित झालानी कोषाध्यक्ष, आकाश झालानी उपाध्यक्ष, विवेक मेहरवाल सह-सचिव निर्वाचित किए गए। इसके पूर्व सचिव मयंक मामोडिया द्वारा एक वर्ष के कार्यकाल की गतिविधियों की जानकारी दी गयी। पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में आयोजित सेवा गतिविधि एवं आयोजन में सक्रिय सदस्य एवं सेवाभावी सदस्यों का कार्यकारिणी द्वारा सम्मान किया गया। युवा परिवार की आगामी गतिविधियों के अनुकूल संचालन हेतु कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रितेश बैवाल, शिवम सामरिया, मयंक झालानी, लेखांश झालानी, अधीश मेहरवाल, अभिषेक मेठी का मनोनयन किया गया। नवीन कार्यकाल के सफल संचालन हेतु विभिन्न समितियां गठित की गई जिसमे मार्गदर्शक मंडल में सुमित सामरिया अमित सामरिया सौरभ डंगायच, नर्सिंग केयर में मयंक झालानी आयुष बैवाल आयुष रावत, स्पोर्ट्स एंड फिटनेस में अतुल तंबोलिया हर्ष भुखमारिया पुनीत सामरिया यश मामोडिया। संचालन शिवम् सामरिया ने एवं आभार आकाश झालानी ने व्यक्त किया।

दोस्तों के साथ नहाने गया युवक नदी में डूबा

उज्जैन। दोस्तों के साथ नहाने के लिए गांव के समीप नदी पर गया युवक डूब गया। दोस्तों ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला और अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन युवक की मौत हो चुकी थी। चरक भवन अस्पताल पुलिस चौकी ने बताया कि बुधवार दोपहर पान विहार स्थित ग्राम पंचेड़ से मृत अवस्था में धर्मेंद्र पिता रणछोड़ लाल अंजना 25 वर्ष को परिजन और ग्रामीण लेकर पहुंचे थे। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित किया और मामले की सूचना दी। शव को पोस्टमार्टम कक्ष भेज मर्ग कायम किया गया। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि धर्मेंद्र दोस्तों के साथ गांव के समीप नदी पर नहाने गया था जहां डूब गया उसे बाहर निकाला जाता उससे पहले मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौपा है। जांच के लिए डायरी घटिया थाना पुलिस को भेजी जाएगी।

प्रधानमंत्री का जन्मदिन स्वच्छता दिवस के तौर पर मनाकर जागरूकता का दिया संदेश

टॉवर चौराहे पर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का आगाज़, महापौर, कलेक्टर और निगम आयुक्त ने थामी झाड़ू, शहरवासियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

उज्जैन। इसे संयोग कहा जाएगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मदिन पर मध्य प्रदेश की धरती पर पहुंचे और उज्जैन से मात्र 85 किलोमीटर की दूरी पर धार जिले के भैंसोला में गरिमा में आयोजन में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। प्रधानमंत्री का जन्मदिन उज्जैन में भी स्वच्छता दिवस के तौर पर मनाया गया और एक पखवाड़े की भी शुरुआत की गई। इस दौरान कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महापौर मुकेश टटवाल और निगम सभापति कलावती यादव ने भी झाड़ू थामी। प्रधानमंत्री के आव्हान पर देशभर में चल रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ बुधवार की सुबह हुआ। शहर का ऐतिहासिक फ्रीगंज टॉवर चौराहा इस अभियान का केंद्र बना। सुबह 8 बजे से ही नगर निगम की टीमें, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संस्थाएं और बड़ी संख्या में नागरिक यहां जुटे और श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।

नगर निगम ने टॉवर चौराहे से शहीद पार्क तक चलाया सफाई अभियान

नगर निगम द्वारा टॉवर चौराहा से शहीद पार्क तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महापौर मुकेश टटवाल, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्वयं झाड़ू उठाकर सफाई कार्य किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि, निगम अधिकारी-कर्मचारी और समाजसेवी संस्थाओं के सदस्य भी शामिल हुए। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने मौके पर उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। महापौर मुकेश टटवाल ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि जीवनशैली बननी चाहिए। वहीं, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि पखवाड़े के दौरान शहर के सभी प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, पार्कों और धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान में शामिल हुए फ्रीगंज निवासी संदीप शर्मा ने कहा, आज जब हमने कलेक्टर और महापौर को खुद झाड़ू लगाते देखा तो सच में लगा कि यह सिर्फ सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनता का आंदोलन है। शहीद पार्क क्षेत्र की निवासी सुनीता अग्रवाल ने कहा, हम सभी की जिम्मेदारी है कि घर और दुकान के बाहर हमेशा सफाई रखें। यदि हम सहयोग करेंगे तो उज्जैन देश का सबसे स्वच्छ शहर बन सकता है। कॉलेज छात्र अमित चौहान ने कहा स्वच्छता को लेकर जागरूकता युवाओं के बीच फैलाना जरूरी है। अगर हमारी पीढ़ी आगे बढ़ेगी तो आने वाला उज्जैन और भी स्वच्छ व सुंदर होगा।

सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

उज्जैन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत नगर निगम ने अपने सफाई मित्रों के स्वास्थ्य लाभ को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में भी अनेकों बार स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किए। इसी क्रम में बुधवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर यह शिविर जोनवार आयोजित किए जा रहे हैं। झोन क्रमांक 06 के अंतर्गत आने वाले वार्डों के सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण वार्ड क्रमांक 49, वेद नगर स्थित आनंद धाम पर किया गया। शिविर का आयोजन अमलतास मेडिकल कॉलेज के सहयोग से हुआ। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सफाई मित्रों का ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों की जांच, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक दवाइयां एवं परामर्श भी दिया। इस दौरान सफाई मित्रों ने मुफ्त उपचार व स्वास्थ्य परामर्श का लाभ उठाया। निगम उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल एवं सहायक आयुक्त पवन कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया और सफाई मित्रों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य संबंधी हालचाल जाने। अधिकारियों ने बताया कि यह पहल इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि सफाई मित्र शहर की स्वच्छता में अहम भूमिका निभाते हैं और उनका स्वस्थ रहना आवश्यक है। अमलतास मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने परीक्षण किया, सफाई मित्रों को आवश्यक उपचार और दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। निगम अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी ली।

बिना लाश के अंतिम संस्कार करने चक्रवर्ती पहुंचे युवक

लकड़ी कंडे की बनवाई रसीद, गायब होने पर सामने आया मामला

उज्जैन। चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर एक अजीबोगरीब घटनाक्रम सामने आया। यहां कुछ युवक बिना शव के पहुंचे और अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में उपयोग होने वाली लकड़ी कंडे की रसीद कटवा ली। शमशान के कर्मचारियों को शंका हुई तो युवक भाग निकले। अब मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। दरअसल युवक जिसका अंतिम संस्कार करने पहुंचे थे उसकी साल भर पहले ही मौत हो चुकी थी।

मोक्षदायिनी क्षिप्रा किनारे श्मशान घाट चक्रतीर्थ कार्यालय के तरुण खत्री ने बताया कि दोपहर में चार युवक आए थे। उन्होंने लालचंद नमक व्यक्ति का अंतिम संस्कार करने की बात कही और लकड़ी कंडे बुक कराये। उन्होंने रसीद कटवाई, लेकिन उनके साथ अंतिम संस्कार की सामग्री उठाने वाले कोई नहीं थे, ना हीं जिसका अंतिम संस्कार किया जाना था उसका शव था। कर्मचारियों को शंका हुई तो उन्होंने आसपास नजरे घुमाई तो कुछ नजर नहीं आया। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने अंतिम संस्कार करने आए युवकों को तलाश किया और पूछताछ के लिए थाने ले गई। पूछताछ में युवकों ने बताया कि पिता लालचंद की मौत साल 2024 में हो चुकी थी और उनका अंतिम संस्कार भी चक्रतीर्थ पर हुआ था। लेकिन उस समय की रसीद गुम हो गई थी। जमीन के दस्तावेज आदि बनवाने के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। किसी ने उन्हें गलत सलाह दी कि पुरानी तारीख में रसीद आसानी से नहीं मिलेगी, इसलिए उन्होंने नया दाह संस्कार दिखाने का प्रयास किया। युवक नीमच के रहने वाले हैं, जबकि मृतक लालचंद उज्जैन में रहते थे। मामले में थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि शमशान कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा लिखित शिकायत दी गई है जिसकी जांच की जा रही है। वहीं चक्रतीर्थ ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक प्रजापत ने बताया कि यदि मृत्यु के बाद चक्रतीर्थ से जारी रसीद गुम हो जाए तो परिजन शपथ पत्र और पहचान पत्र प्रस्तुत कर उसी तारीख की रसीद दोबारा प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए किसी तरह का षड्यंत्र या जालसाजी करने की जरूरत नहीं है।

बदमाशों ने गरोठ ब्रिज पर ट्रक से चुराये 30 बक्से

उज्जैन। गरोठ ब्रिज पर चलते ट्रक से बदमाशों ने रात में कटिंग की वारदात करते हुए हजारों रूपये कीमत के 30 बक्से चोरी कर लिये। चालक ने मामले की शिकायत राघवी थाने पर दर्ज कराई है। थाना प्रभारी विरेन्द्र बंदेवार ने बताया कि हरियाणा के रहने वाले ट्रक चालक कप्तानसिंह ने शिकायत दर्ज कराई कि इंदौर से परच्युन का सामान भरकर गाजियाबाद की ओर जा रहा था। गरोठ हाइवे ब्रिज से खेड़ाखजूरिया के बीच बदमाशों ने कटिंग की वारदात करते हुए दवा, वेल्डिंग रॉड, बुक सहित अन्य परच्युन सामान के 30 बक्से चोरी कर लिये। जिसकी कीमत हजारों में है, थाना प्रभारी ने चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि गरोठ ब्रिज पर लगे कई कैमरे बंद है, जिसके चलते पुलिस को बदमाशों का सुराग नहीं मिल पाया है। रात में गरोठ हाइवे ब्रिज पर कुछ महिनों से वारदाते होना सामने आ रही है। पूर्व में कुछ वाहन चालकों ने सोशल मीडिया पर मैसेज भी वायरल किये थे और आगाह किया था कि रात में ब्रिज से निकलते समय चालक सावधानी रखे।

निगम संघ कार्यालय में मनी विश्वकर्मा जयंती

उज्जैन। भगवान विश्वकर्मा ने द्वारिका, हस्तिनापुर, अयोध्या सहित कई नगरियों का निर्माण किया और इसके अतिरिक्त उन्होंने अपने ही राक्षसी स्वरुप पुत्र का वध करने में देवताओं की मदद की थी जिससे वे त्याग, तपस्या और बलिदान के प्रेरक के रुप में भारत देश में पूजे जाते हैं। इसी की प्रेरणा से भारतीय मजदूर संघ ने नारा भी दिया भारतीय मजदूर संघ की क्या पहचान- त्याग, तपस्या और बलिदान। उक्त उद्गार नगर निगम उज्जैन में भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सफाई कामगार संघ, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट ने कहे। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जी की जयंती श्रम दिवस के रुप में भी मनाई जाती है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त इंजीनियर पी.एल. टटवाल ने कहा कि शहर की साफ-सफाई एवं स्वच्छता के लिए नगर निगम के सफाई कर्मचारियों का बहुत बड़ा योगदान है। इन्होंने रात-दिन एक कर शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाये रखा है। सेवानिवृत्त लोक विश्लेशक रामविलास गुप्ता ने भी सभी को संबोधित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों राकेश टांक, पटूनाजी, चौहान आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. पवन व्यास, रमेशचंद्र मकवाना, रमेशचंद्र निगम, चंदगीराम टांकले (पहलवान), मनसुख मेहरवाल, गयूर अंजाना, अब्दुल हमीद दरोगा, अल्काब भाई, नितिन मुसले, अनिल शर्मा, शैलेश नागर, लक्ष्मीनारायण रजक, तुलसी राजवानी, कमलेश चावरे, गोपाल त्रिवेदी, नेमीचंद चावड़ा, अनिल परमार, कैलाश नरवरिया, सोनू पटूना, दिलीप घावरी, धीरज कलोसिया, अजय संगत सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव संदीप कलोसिया ने किया। आभार रमेशचंद्र निगम ने माना।

रावण दहन समितियों से आव्हान, रावण दहन बंद हो

उज्जैन। पिछले 35 वर्षों से समाज, धर्म और मंदिरों की मर्यादा, परम्परा के संरक्षण कार्यों में महाकाल सेना से जुड़े 50 से अधिक वरिष्ठ और कर्मठ सेवाभावी सदस्यों का उल्लेखनीय सेवा कार्य के लिए महाकाल सेना द्वारा सम्मान किया गया। सम्मान समारोह चाणक्यपुरी स्थित श्री परशुराम मंदिर पर आयोजित किया गया। महाकाल सेना के प्रदेश प्रमुख अशोक राठौर (जावरा वाले) ने बताया कि महाकाल सेना ओर अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में यह समारोह भव्यता के साथ संपन्न हुआ। महाकाल सेना के सेवा प्रकल्प में पिछले कई वर्षों से अपना अमूल्य सहयोग और सेवा प्रदान की ऐसे कर्मठ सदस्यों का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि ब्रह्म ऋषि जय गुरु जी (श्री मार्कण्डेश्वर महादेव), युवा ब्राह्मण समाज संस्थापक महेश पुजारी, भाजपा नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, विशाल विश्वकर्मा, एस एन राठौर, वरिष्ठ पत्रकार महेंद्र सिंह बैंस और वेदाचार्य वासुदेव रावल थे। अतिथियों ने महाकाल सेना ओर युवा ब्राह्मण समाज के साथ अपने अनुभव ओर कार्यों को साझा किया। महेश पुजारी ने चिंतन, संकल्प ओर सिद्धि से हर कार्य करने का आह्वान किया साथ ही रावण दहन बंद करने का रावण दहन समितियों से आह्वान किया। युवा ब्राह्मण समाज अध्यक्ष गोपाल पुजारी ने कहा कि रावण त्रिकाल दर्शी थे उन्हें विष्णु के राम अवतार को जान लिया था इसलिए अपने कुल के उद्धार के लिए सीताजी का हरण किया था, यदि रावण दहन समितियां इस पर कोई अमल नहीं करती हैं ओर रावण दहन करती हैं तो यह ब्राह्मण समाज का अपमान होगा, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और युवा ब्राह्मण समाज द्वारा पुरजोर विरोध किया जाएगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी भगवान शर्मा, पुरुषोतम राठौर (मार साहब), शिवनारायण राठोर, विजय पुजारी, दिलीप मगरवा, कप्तान बोबल, मुकेश खंडेलवाल, महेंद्र सिंह बैंस, राकेश जोशी, सुरेश शर्मा, दिलीप मगरवा, कन्हैया पहलवान, किशन पांडे, राम शर्मा, आशीष ठक्कर, गोविंद व्यास मुख्य रूप से उपस्थित थे। संचालन भागवताचार्य आशीष अग्निहोत्री ने किया। आभार रूपेश मेहता ने व्यक्त किया।

चरक अस्पताल के स्टोर में मिली एक्सपायरी दवाइयां

भोपाल स्वास्थ्य विभाग टीम के निरीक्षण में मिली खामियां

उज्जैन। जिला अस्पताल के चरक भवन में शिफ्ट होने के बाद यहां की व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही हैं जिसका सबसे बड़ा उदाहरण भोपाल से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम के निरीक्षण में सामने आया। मरीज को दी जाने वाली एक्सपायरी दवाइयां का स्टॉक स्टोर रूम में पाया गया है।

भोपाल स्वास्थ्य विभाग से औचक निरीक्षण पर डॉ. हिमांशु और डॉ. पंडया की टीम सोमवार को उज्जैन पहुंची थी। उन्होंने चरक भवन अस्पताल का निरीक्षण शुरू किया इस दौरान जगह की कमी पाई गई। जिला अस्पताल के चरक भवन में शिफ्ट होने के बाद यहां की व्यवस्थाएं काफी बिगड़ी हुई दिखाई दी। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर में डॉक्टर के कई दिनों से हस्ताक्षर होना भी सामने

नहीं आए। स्वास्थ्य विभाग की टीम मरीज को मिलने वाली दवाइयों की जानकारी लेने के लिए स्टोर रूम पहुंची। जहां पर एक्सपायरी दवाइयां का स्टॉक रखा होना सामने आया। गंभीर खामी सामने आने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नाराजगी जताई गई और तत्काल एक्सपायरी दवाओं को हटाने निर्देश जारी किए। स्टोर इंचार्ज से पूछताछ की गई तो उनका कहना था कि एक्सपायरी दवाइयां रखी जरूर है लेकिन मरीजों को नहीं दी जा रही है।

भोपाल से आई स्वास्थ्य विभाग की टीम के सामने खामियां उजागर होने पर सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया ने अस्पताल की गलतियों को छुपाते हुए कहा कि टीम द्वारा रूटिंग चेकअप किया गया है। विदित हो की चरक भवन की व्यवस्थाएं भगवान भरोसे चल रही हैं। इमरजेंसी में ट्रेनिंग डॉक्टर मरीज को देख रहे हैं। अस्पताल परिसर पार्किंग स्टैंड बना हुआ है यहां ऑटो ई रिक्शा भी खड़े रहते हैं। इमरजेंसी कक्ष के पास महीनों से सीवरेज का पानी बह रहा और बदबू फैल रही है। 6 मंजिला चरक भवन में मरीज और उनके परिजनों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है। जन औषधि केंद्र पर ताले लटके हुए हैं। लिफ्ट में आए दिन मरीज और उनके परिजन फस जाते हैं। निरीक्षण के लिए आने वाली टीम व्यवस्थाएं उजागर करती हैं और सुधार के निर्देश देती हैं। लेकिन उनके लौटते ही अस्पताल प्रशासन अपनी आंखें बंद कर लेता है। जिसका खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है।

उमा सांझी उत्सव — सभामंडप में प्रतिदिन रंगोली, झांकी के दर्शन तो मंच पर गायन, वादन और नृत्य

महाकाल मंदिर में घट स्थापना, वसंत पूजा से शुरू हुआ पांच दिनी उमा-सांझी महोत्सव

नवभारत न्यूज

उज्जैन। महाकाल मंदिर में बुधवार से पांच दिनी उमा-सांझी महोत्सव शुरू हो गया। पहले दिन सभामंडप में सुबह विधि-विधान से माता पार्वती की प्रतिमा विराजित कर घट स्थापना की गई तो शाम को संध्या आरती के पश्चात वसंत पूजन हुआ जिसमें विद्वान ब्राह्मणों ने वेद मंत्रों का उच्चारण किया।

पूजन शासकीय पुजारी पं. घनश्याम शर्मा ने कराया। इस दौरान अखंड दीप प्रज्जवलित किया गया। वहीं प्राचीन शिला का परंपरागत पूजन हुआ। पूजन में मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल, प्रतीक द्विवेदी और सहायक प्रशासनिक अधिकारी

आरके तिवारी सहित पुरोहित लोकेश व्यास, शिवम शर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। पांच दिनी महोत्सव के दौरान सभामंडप में प्रतिदिन सभामंडप के शिला पर रंगोली व झांकियां सजाई जाएगी। वहीं परिसर में मंच से कलाकारों का गायन, वादन व नृत्य की प्रस्तुति होगी। उमा-सांझी महोत्सव में प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न कलाकारों की मंच से अनेकों प्रस्तुतियां होगी। लेकिन इनमें दो कार्यक्रम पारंपरिक होते हैं। पहला हरिकीर्तन जो प्रतिदिन मंदिर प्रांगण में शाम 5 से 6.30 बजे तक होगा इसे योगेश पुरंदरे ढोलीबुआ महाराज ग्वालियर करेंगे। वहीं दूसरा आयोजन जगारण का 21 सितंबर की रात में 11 बजे से अगले दिन सुबह 3 बजे तक होगा जिसमें हर वर्ष की परंपरा के अनुसार श्री वीर हनुमान भक्त मंडल कार्तिकचौक उज्जैन की मंडली के पंडित जस्सू गुरु महाराज द्वारा भजनों की प्रस्तुति व सुंदरकांड किया जाएगा। यह आयोजन महाकाल की शयन आरती के बाद व सुबह की भस्मारती के पहले तक होता है। 22 सितंबर को सुबह 11.30 बजे कन्या पूजन एवं भोज का आयोजन मंदिर समिति के द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्याओं के पैर पूजकर समिति भोजन कराकर कन्याओं को दक्षिणा भेंट करती है। इसके अगले दिन 23 सितंबर की शाम 4 बजे उमा-सांझी उत्सव के समापन पर उमा माता की नगर में सवारी निकलेगी। चांदी की पालकी में उमा माता भक्तों को दर्शन देने निकलेगी।

उपमुख्यमंत्री शुक्ल ने की शयन आरती

मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल की शयन आरती में शामिल हुए। उन्होंने गर्भगृह के बाहर से भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद नंदीहॉल में बैठकर पूरी शयन आरती देखी। मंदिर समिति की ओर से सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने शुक्ल का स्वागत किया।